Social Security Scotland
Tèarainteachd Shòisealta Alba

अपने बजट को संतुलित करने के लिए अतिरिक्त मदद लें

यदि आप यूनिवर्सल क्रेडिट, टैक्स क्रेडिट या अन्य लाभ ले रही(हे) हैं, तो आप पाँच तरह के पारिवारिक भुगतान के लिए पात्र हो सकती(ते) हैं:

- **स्कॉटिश चाइल्ड पेमेंट –** 16 वर्ष से कम आयु के पात्र बच्चों के लिए हर 4 सप्ताह में एक भुगतान।
- **बेस्ट स्टार्ट ग्रांट प्रेग्नेंसी और बेबी पेमेंट –** आप गर्भावस्था के 24वें सप्ताह के अंत से लेकर अपने बच्चे के 6 महीने का होने तक आवेदन कर सकती हैं।
- **बेस्ट स्टार्ट ग्रांट अर्ली लर्निंग पेमेंट –** जब आपका बच्चा 2 से 3.5 साल की उम्र के बीच हो।
- **बेस्ट स्टार्ट फूड्स –** गर्भावस्था से लेकर आपके बच्चे के 3 साल की उम्र तक हर 4 हफ़्ते में प्री-पेड कार्ड पर राशि।
- **बेस्ट स्टार्ट ग्रांट स्कूल ऐज पेमेंट –** जब आपका बच्चा स्कूल शुरू करने के लिए पर्याप्त बड़ा हो जाए।

कुछ बच्चे 'चाइल्ड डिसेबिलिटी पेमेंट' के लिए भी पात्र होंगे – यह पैसे ऐसे बच्चों की देखभाल के खर्च में मदद करने के लिए हैं, जो दिव्यांग हैं या किसी स्वास्थ्य समस्या से पीड़ित हैं।

आप अन्य लाभों के लिए भी पात्र हो सकती(ते) हैं, जो Social Security Scotland द्वारा नहीं दिए जाते, जैसे UK Child Benefit। और अधिक जानकारी के लिए **gov.uk/child-benefit** पर जाएं।

जांचें कि क्या आप पांच पारिवारिक भुगतानों के लिए पात्र हैं या नहीं।

ऑनलाइन, फ़ोन या व्यक्तिगत रूप से आवेदन करें
mygov.scot/familybenefits या कॉल करें **0800 182 2222**

HAPPY TO **TRANSLATE**

अन्य भाषाओं और सुलभ प्रारूप के लिए स्कैन करें

Social Security Scotland को फ़ॉलो करें

आर्थिक और रोजगार संबंधी सहायता

यदि आप पैसे को लेकर चिंतित हैं, तो आप अकेली(ले) नहीं हैं। पैरेंट क्लब आपके परिवार की ज़रूरतों के हिसाब से सलाह पाने में आपकी मदद कर सकता है। विज़िट करें **parentclub.scot/money-work**

अगर आपको किसी से बात करने की ज़रूरत है, तो आप **Money Talk Team** से निःशुल्क और भरोसेमंद सलाह ले सकती(ते) हैं। विज़िट करें **moneytalkteam.org.uk**

पीरियड संबंधी निःशुल्क उत्पाद

Scotland दुनिया का पहला देश है, जो ज़रूरतमंद किसी भी व्यक्ति को निःशुल्क पीरियड उत्पाद उपलब्ध कराता है।

आपके क्षेत्र में निःशुल्क पीरियड उत्पाद कहां मिलते हैं, यह जानने के लिए स्थानीय परिषद से संपर्क करें। विभिन्न परिषद क्षेत्रों में उत्पाद प्राप्त करने के अलग-अलग तरीके हो सकते हैं।

और अधिक जानकारी के लिए अपनी परिषद की वेबसाइट पर जाएं। **PickupMyPeriod** ऐप आपको दिखाती है कि पूरे Scotland में निःशुल्क पीरियड उत्पाद कहां मिल सकते हैं।